Regarding water pollution in Barmer and Jaisalmer Parliamentary Constituency by Cairns India Ltd. and Vedanta Oil Fields Ltd.

श्री उम्मेदा राम बेनीवाल **(**बाड़मेर**) :** अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र बाडमेर, जैसलमेर में केयर्न, वेदांता ऑयल फील्ड द्वारा कार्य किया जा रहा है । वहां प्रदूषण को लेकर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है । वहां केमिकल युक्त गंदा पानी बोरवेल द्वारा जमीन के अंदर छोड़ दिया जाता है, जिससे आस-पास के किसानों के खेतों में बोरवेल द्वारा गंदा पानी वापस ऊपर जाता है, इससे किसानों के खेत खराब हो गए हैं और आने वाले समय में उनके स्वास्थ्य के ऊपर भी गंभीर असर पड़ेगा । वहां स्थानीय लोगों को रोजगार में महत्व नहीं दिया जा रहा है ।

मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि एक विशेष दल बना कर इसकी जांच करवाई जाए, ताकि लोगों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो सके ।